## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.04.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- भारत सरकार ने दिवंगत वेटिकन सिटी के सर्वोच्च पादरी पोप फ्रांसिस के सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।
- गृहमंत्री ने विश्व पृथ्वी दिवस पर कहा—मोदी सरकार अटूट वचनबद्धता के साथ वैश्विक पहल का नेतृत्व कर रही है।
- कैलाश मानसरोवर यात्रा कोविड के चार वर्षों बाद तीस जून से फिर शुरू की जा रही है।
- लाइट एंड साउंड शो आज से अपने निर्धारित समय पर संचालित किया जा रहा है।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने दिवंगत वेटिकन सिटी के सर्वोच्च पादरी पोप फ्रांसिस के सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस का कल निधन हो गया। दो दिन का राजकीय शोक आज और कल रहेगा, जबकि अंतिम संस्कार के दिन भी राजकीय शोक होगा। देश भर में राजकीय शोक के दौरान सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

<><><><><><><>

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। गृहमंत्री अमित शाह ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि पृथ्वी, जीवन का पोषण करती है और विकास तथा उद्भव के लिए आवश्यक पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखती है। श्री शाह ने कहा कि पृथ्वी की बेहतरी को बढ़ाने तथा अत्याधिक सावधानी से इसकी रक्षा करके इस सहानुभूति का प्रतिदान करना, हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अटूट वचनबद्धता के साथ सतत विकास के लिए वैश्विक पहल का नेतृत्व कर रही है। गृहमंत्री ने पृथ्वी को बेहतर बनाने के लिए अथक परिश्रम करने वाले संरक्षणवादियों के प्रयासों की भी सराहना की।

उप—राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अंतर्राष्ट्रीय मातृ पृथ्वी दिवस पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन जीवन को बनाए रखने में पृथ्वी की महत्वपूर्ण भूमिका के एक शक्तिशाली वैश्विक स्मारक के रूप में कार्य करता है, जो हमें संसाधन, सौंदर्य और पारिस्थितिकी तंत्र का नाजुक संतुलन प्रदान करता है जो हमारी दुनिया को रहने योग्य बनाता है। उन्होंने कहा कि यह हमारे ग्रह का सम्मान करने, उसके सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे बचाने की हमारी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने का क्षण है। इस वर्ष की थीम, "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह", सामूहिक कार्रवाई की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डालती है। यह अक्षय ऊर्जा के महत्व, लोगों और ग्रह दोनों के लिए एक स्वस्थ भविष्य को सुरक्षित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। मदर अर्थ डे हम सभी से अपने पर्यावरण की भलाई के लिए साझा जिम्मेदारी लेने का आह्वान करता है। उन्होंने इस अंतर्राष्ट्रीय मदर अर्थ डे पर लोगों को ग्रह के जिम्मेदार संरक्षक बनने का संकल्प लेने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

उप—राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संविधान की विषय—वस्तु निर्धारित करने में निर्वाचित प्रतिनिधि ही सुप्रीम हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम में बोलते हुए उप—राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि संसद सर्वोच्च है और संविधान में संसद से ऊपर किसी की कल्पना नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि संविधान लोगों के लिए है और यह देश के प्रत्येक व्यक्ति जितना ही सर्वोच्च है।

<><><><><><><>

पोषण पखवाड़ा का सातवें संस्करण का आज समापन हो गया। इस अवसर पर डिगलीपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रमुख दीपांकर मिस्त्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कुपोषण से निपटने में सामुदायिक भागीदारी और जमीनी स्तर पर जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने परिवारों को एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए पारंपरिक, स्थानीय और पौष्टिक भोजन की आदतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदिरा देवी और अन्य हितधारक शामिल हुए।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत नशा मुक्त भारत अभियान चला रहा है। इस सिलसिले में हाल ही में सिप्पीघाट ग्राम पंचायत में 'नशा मुक्त भारत–नशीली दवाओं के दुरुपयोग' पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस विभाग की एंटी–नारकोटिक्स इकाई, स्वास्थ्य विभाग और नशे के आदी लोगों के लिए एकीकृत पुनर्वास केंद्र के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान शराब, तंबाकू और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर हानिकारक प्रभावों पर ध्यान केंद्रित किया गया, साथ ही संबंधित अपराध और कानूनी मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने नशा मुक्त वातावरण, शीघ्र हस्तक्षेप और नशे की लत से निपटने के लिए कानूनी उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया।

<><><><><><>

कैलाश मानसरोवर यात्रा कोविड के चार वर्षों बाद तीस जून से फिर शुरू होने जा रही है। यह तीर्थयात्रा उत्तराखण्ड मार्ग से होकर जाएगी। यह यात्रा उत्तराखण्ड सरकार और विदेश मंत्रालय के संयुक्त निरीक्षण में आयोजित की जाएगी। कुमाऊं मंडल विकास निगम–के.एम.वी.एन. को इस तीर्थयात्रा के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है। यह यात्रा दिल्ली से शुरू होकर चीन में प्रवेश करने के लिए पिथौरागढ़ के लिपुलेख दर्रे से होकर आगे बढ़ेगी। 22 दिन की इस आध्यात्मिक यात्रा पर कुल 250 तीर्थयात्री जाएंगे। इन यात्रियों को 50–50 के पांच जत्थों में विभाजित किया जाएगा। पहला जत्था, चीन में दस जुलाई को प्रवेश करेगा। अंतिम जत्था 22 अगस्त को वापसी करेगा।

<><><><><><>

राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में लाइट एंड साउंड शो आज से अपने निर्धारित समय पर संचालित किया जा रहा है। इसे तकनीकी कारणों से अस्थाई रूप से स्थगित कर दिया गया था।

<><><><><><>

पहाड़गांव पुलिस थाना की टीम ने पांच व्यक्तियों के साथ भारी मात्रा में अवैध मेथम–फेटामाइन जब्त किया है। पुलिस की ओर से कल प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी गई। दक्षिण अंडमान के एस डी पी ओ विकास स्वामी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा–

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में डी सी आर ए, चपरासी, चौकीदार और स्वीपर के पद के लिए आयोजित लिखित परीक्षा की संशोधित उत्तर पुस्तिका को भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। उम्मीदवारों के लिए यह सूची कल से उपलब्ध होगी।

<><><><><><>

कार निकोबार की अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा की ओर से आज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लापाती में "प्राथमिक चिकित्सा अग्निशमन एवं आपदा तैयारी" पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अग्निशामक यंत्र संचालन तकनीकों का लाइव प्रदर्शन किया गया, जिससे उपस्थित लोगों को अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। आपदा तैयारी पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में 300 से अधिक छात्रों और 41 शिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><>

हांगकांग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साइकिलिंग इवेंट में द्वीपसमूह के साइक्लिस्ट डेविड बेकहम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रतिस्पर्धी दौड़ में रजत पदक हासिल किया, जबकि सेलेस्टिना ने महिला एलीट स्प्रिंट टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता। इस अवसर पर, अंडमान निकोबार के साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एम.के. श्रीनिवासन और साइकिलिंग कोच सुभेंदु सेनगुप्ता ने दोनों एथलीटों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई दी।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी की ओर से दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र के लड़कों के अंडर–17 और अंडर–15 तथा लड़कियों के अंडर–17 के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल नॉक आउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा हैं। इस सिलसिले में आज चार सेमीफाइनल और चार क्वार्टर फाइनल मैच आयोजित किए गए। फाइनल मैच 25 अप्रैल को सुबह साढ़े आठ बजे से गर्ल्स स्कूल मैदान में खेले जाएंगे।

<><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए कल से आवासीय योजना में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। भातूबस्ती के सेंट मेरी स्कूल में कल और चौबीस अप्रैल को, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भातूबस्ती में पच्चीस को, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल गाराचरमा में अट्ठाईस, विटाला पब्लिक स्कूल में उनतीस और बम्बूफ्लाट के सीनियर सेकेएडरी स्कूल में तीस अप्रैल को चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। यह ट्रायल वाटर स्पोर्ट्स के लिए हैं, जिसमें खेल उपलब्धियों वाले तैराकों को वरीयता दी जाएगी। चयन ट्रायल के बारे में अधिक जानकारी के लिए साई की ई–मेल या इंस्टाग्राम पर संपर्क करने को कहा गया है।

**<><><><><><>**